# पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू, प्रतिमाह मिलेंगे 5,000

## रोजगार के काबिल बनेंगे युवा : चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख अवसर मुहैया कराने की योजना

**नई दिल्ली।** युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पायलट आधार पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की। इसके तहत इंटर्नशिप के लिए चुने गए युवाओं को हर महीने 5000 रुपये की वित्तीय मदद मिलेगी। साथ ही उन्हें इंटर्नशिप के लिए ज्वॉइन करने पर एकमुश्त 6,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। इस योजना पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में इसका एलान किया था। सूत्रों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में इंटर्नशिप के 1.25 लाख अवसर मुहैया कराने की योजना है। प्रशिक्षुओं को मिलने वाली वित्तीय सहायता में से 4,500 रुपये सरकार सीधे बैंक खाते में डालेगी, 500 रुपये कंपनी अपने सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व) कोष से भुगतान करेगी। ब्यूरो

>> 21 से 24 साल के युवा कर सकते हैं आवेदन : पेज 11



### एक करोड़ युवाओं को गुर सीखने का मौका

योजना में पांच साल में एक करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें कारोबारी माहौल और कामकाज के गुर सीखने का मौका मिलेगा।

### पंजीकरण विजयादशमी से दो दिसंबर से इंटर्नशिप

प्रशिक्षण के लिए इच्छुक उम्मीदवार विजयादशमी, 12 अक्तूबर से पोर्टल www.pminternship.mca.gov.in पर पंजीकरण करा सकते हैं।

- कंपनियां 27 से चयन प्रक्रिया शुरू करेंगी। 8 से 15 नवंबर तक ऑफर लेटर मिलेगा।
- इंटर्नशिप 2 दिसंबर से शुरू होगी, जो एक साल के लिए होगी। इसमें आरक्षण भी लागू होगा। योजना पर कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय नजर रखेगा।